# 100 बेड का अस्पताल, 50 ही उपयोग में; डॉक्टरों की कमी से मरीज बेहाल

## 18 पद स्वीकृत, चार डॉक्टर संभाल रहे व्यवस्था; रोज 300-400 मरीजों की ओपीडी, सीटी स्कैन मशीन एक माह से बंद

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** करोड़ों रुपये की लागत से तैयार भैरूंदा का 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल डॉक्टरों और जरूरी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। अस्पताल में 18 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में महज चार डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं। रोजाना 300 से 400 मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। गंभीर मरीजों को सीहोर और भोपाल रेफर करना पड़ रहा है।

अस्पताल में दो डॉक्टरों की इमरजेंसी में आठ-आठ घंटे की ड्यूटी रहती है। इसके चलते ओपीडी का जिम्मा सीमित चिकित्सकों पर आ जाता है। एक डॉक्टर डेंटल मरीजों को देखते हैं, जबकि ओपीडी में आने वाले बड़ी संख्या में मरीजों का भार शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रफुल्ल हाड़ऊ पर है। सीबीएमओ मनीष सारस्वत के पास प्रशासनिक और निरीक्षण संबंधी जिम्मेदारियां भी हैं।

100 बेड की क्षमता वाले अस्पताल में सामान्य वार्ड, मातृत्व वार्ड और एनआरसी सहित करीब 50 बेड ही उपयोग में होने की जानकारी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अस्पताल भवन बनने के बाद उन्हें






स्थानीय स्तर पर बेहतर इलाज की उम्मीद थी, लेकिन पर्याप्त मानव संसाधन नहीं होने से इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**आउटसोर्स कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं:** अस्पताल में सेवाएं दे रहे आउटसोर्स कर्मचारियों ने करीब तीन माह से वेतन नहीं मिलने की बात कही है। कर्मचारियों का कहना है कि वे नियमित रूप से काम कर रहे हैं, लेकिन समय पर भुगतान नहीं होने से परिवार चलाने में आर्थिक परेशानी हो रही है। उन्होंने लंबित वेतन का जल्द भुगतान कराने की मांग की है।

**पैरामेडिकल स्टाफ की भी जरूरत:** क्षेत्रवासियों का कहना है कि केवल डॉक्टरों की नियुक्ति से व्यवस्था पूरी तरह नहीं सुधरेगी। अस्पताल में पर्याप्त नर्सिंग स्टाफ, ड्रेसर और अन्य पैरामेडिकल कर्मचारियों की भी आवश्यकता है। मरीजों की संख्या के अनुपात में पर्याप्त स्टाफ मिलने पर ही उन्हें समय पर उपचार मिल सकेगा।

लोगों का आरोप है कि विशेषज्ञ चिकित्सकों और जांच सुविधाओं के अभाव में अस्पताल रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। गंभीर बीमारी, दुर्घटना और प्रसव के जटिल मामलों में मरीजों को दूसरे शहरों में भेजना पड़ता है। इससे गरीब और ग्रामीण परिवारों पर निजी इलाज, जांच और आने-जाने का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

सीबीएमओ ने बताया कि रेहटी से महिला डॉक्टर की ज्वाइनिंग हो चुकी है और वे जल्द ही भैरूंदा अस्पताल में कार्यभार संभालेंगी। सीटी स्कैन मशीन खराब होने की जानकारी जिला प्रशासन को भेज दी गई है। क्षेत्रवासियों ने अस्पताल में स्वीकृत पदों के अनुसार डॉक्टर, विशेषज्ञ चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध कराने की मांग की है।

### महिला विशेषज्ञ की कमी से परेशानी

अस्पताल में नियमित स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं होने से गर्भवती महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली महिलाओं को जांच और जटिल प्रसव की स्थिति में दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने स्त्री रोग विशेषज्ञ के साथ सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ और अन्य आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग की है।

**सीटी स्कैन मशीन एक माह से बंद**

अस्पताल की जांच व्यवस्था भी प्रभावित है। सीटी स्कैन मशीन करीब एक माह से खराब होने के कारण बंद है। दुर्घटना और गंभीर बीमारी के मरीजों को जांच के लिए सीहोर या भोपाल भेजना पड़ रहा है। इससे मरीजों के परिजनों पर वाहन और जांच का अतिरिक्त खर्च बढ़ रहा है। सीबीएमओ मनीष सारस्वत ने बताया कि मशीन खराब होने की जानकारी जिला प्रशासन को भेज दी गई है।

---


# खास-खबरें

## रेल सुविधाओं की मांग को लेकर संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः** क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार और यात्री सुविधाओं से जुड़ी मांगों को लेकर रेल रोको संघर्ष समिति ने स्टेशन मास्टर मल्हारगढ़ को रेलवे डीआरएम के नाम ज्ञापन सौंपा। समिति ने क्षेत्र की रेल संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग करते हुए आंदोलन को लेकर अपनी तैयारियों की जानकारी दी। रेल रोको संघर्ष समिति के आंदोलन को मल्हारगढ़ तहसील की सभी ग्राम पंचायतों, प्रेस क्लब मल्हारगढ़, जनपद पंचायत, नगर परिषद मल्हारगढ़, नारायणगढ़, मंडल भाजपा, ब्लॉक कांग्रेस सहित विभिन्न समाजों और सामाजिक संगठनों ने समर्थन दिया है। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र की रेल सुविधाओं से जुड़ी मांगों को लंबे समय से उठाया जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से रेलवे प्रशासन से यात्रियों और क्षेत्रवासियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मांगों का शीघ्र निराकरण करने का आग्रह किया गया। आंदोलन को विभिन्न संगठनों का समर्थन मिलने से क्षेत्र में रेल सुविधाओं को लेकर एकजुटता देखने को मिली।

## भगवान श्री बलराम जन्मोत्सव पर सीहोर में 2 सितंबर को निकलेगी वाहन रैली



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** नगर धाकड़ युवा संगठन के तत्वावधान में आराध्य देव भगवान श्री बलराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर 2 सितंबर (बुधवार) को शहर में एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। संगठन के अध्यक्ष विनोद नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज की एकता, संगठन और धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह भव्य रैली आयोजित की जा रही है। वाहन रैली प्रात: 11:00 बजे भोपाल नाका से प्रारंभ होगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बाल विहार ग्राउंड पर संपन्न होगी। आयोजन समिति एवं समस्त कार्यकारिणी ने सीहोर जिले के समस्त सम्मानीय धाकड़ समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में रैली में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और समाज की एकजुटता का परिचय देने की अपील की है।

## कन्या महाविद्यालय में अक्षय ऊर्जा दिवस पर कार्यक्रम संपन्न




**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** स्थानीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या( अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अक्षय ऊर्जा दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं भौतिक विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में निबंध लेखन, अक्षय ऊर्जा पर संक्षिप्त चलचित्र एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीडीअहिरवार के निर्देशन एवं नेतृत्व में आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ.सीमा चक्रवर्ती ने छात्राओं को ऊर्जा संरक्षण का संकल्प दिलाया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.मलखान सिंह, सहायक प्राध्यापक राम आशीष यादव एवं श्रीमती नीतू दांगी ने नवीकरणीय ऊर्जा पर अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम का संचालन कु.अभिलाषा साहू ने तथा संयोजन एवं धन्यवाद ज्ञापन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ? राजुला अल्बर्ट ने किया। कार्यक्रम आयोजन में गजेंद्र राजपूत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रो.नीता दीक्षित, प्रो.सविता सोनी, डॉ विनीता प्रजापति, प्रो.विशाखा नागर, प्रो.अदिति तिवारी, डॉ.ब्रजकिशोर गुप्ता सहित प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## ईद मिलादुन्नबी के मौके पर दाऊदी बोहरा समाज ने निकाला भव्य चल समारोह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर दाऊदी बोहरा समाज द्वारा नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह बोहरा मस्जिद, कस्बा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकला। समारोह का नेतृत्व बोहरा समाज के जनाब यूसुफ भाई जकवी ने किया। चल समारोह में समाज के बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। चल समारोह का नगर के विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा एवं स्वागत कर अभिनंदन किया गया। आष्टा के मशहूर बैंड द्वारा प्रस्तुत की गई राष्ट्रीय धुनों ने वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। वहीं बोहरा समाज की नन्ही-मुन्नी बच्चियां आकर्षक बग्गियों में सवार होकर चल समारोह में शामिल हुईं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। चल समारोह का स्थानीय पीली मस्जिद पर ईरशाद पहलवान द्वारा स्वागत किया गया। तहसील चौराहे पर नौशाद खान मित्र मंडली ने स्वागत किया।

## जन विश्वास शिविर आयोजित, आए 16 आवेदन, 15 का किया तुरंत निराकरण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत इछावर जनपद के ग्राम पंचायत भाउखेडी में जन विश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्राम वासियों ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को गांव की नालियो एवं आंतरिक मार्गो की समस्याओ से अवगत कराया,? जिस पर अधिकारियों ने त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में मुख्यमंत्री जन कल्याण के 5, पेंशन के 8, पीएम किसान सम्मान निधि का 1 और बीपीएल में नाम जोड़ने का 1 आवेदन आया। इन सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इसके साथ ही शिविर में मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना का 1 आवेदन आया, जिसकी अनुशंसा कर आवेदन को जिला कार्यालय भेज दिया गया है।

---

### बाबा पशुपतिनाथ की शाही सवारी आज

## ढोल-नगाड़ों और 26 झांकियों के साथ होगा नगर भ्रमण

**नईदुनिया प्रतिनिधि,मंदसौरः** श्रावण के अंतिम सोमवार को मंदसौर के अधिपति बाबा पशुपतिनाथ भक्तों का हाल जानने शाही सवारी के रूप में नगर भ्रमण पर निकलेंगे। शाही सवारी को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है और स्वागत के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर प्रबंधक राहुल रूनवाल ने बताया कि बाबा पशुपतिनाथ की शाही सवारी सुबह 11 बजे मंदिर परिसर से रवाना होगी। इससे पहले कलेक्टर, एसपी और अन्य अतिथि बाबा के रथ का पूजन कर सवारी को रवाना करेंगे।

प्रात:कालीन आरती मंडल के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा ने बताया कि इस बार शाही सवारी में विभिन्न स्थानों से आने वाली 26 झांकियां शामिल होंगी। कई राज्यों की ढोल पार्टियां भी सवारी का हिस्सा रहेंगी। झांकियों में राधा-कृष्ण महारास लीला, राम दरबार, नालछा माता मंदिर और महाकाल स्वरूप पालकी प्रमुख आकर्षण रहेंगी। केरल की कथकली, तिरुपति बालाजी दर्शन, मुंबई की ढोल पार्टी, बैंजो पार्टी तथा गुजरात और नासिक के ढोल भी सवारी में विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। शाही सवारी को देखते हुए यातायात व्यवस्था के साथ पार्किंग के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। शहर के प्रमुख मार्गों पर व्यवस्था संभालने के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं। धार्मिक आयोजन को लेकर भक्तों में खासा उत्साह है। इस अवसर पर अनूप माहेश्वरी मित्र मंडल की ओर से शाही सवारी के मार्ग में बड़ा चौक पर 251 किलो साबूदाने की खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विश्व शांति और खुशहाली के लिए दी आहुतियां

**गंजबासौदा।** गायत्री परिजन जयराम अहिरवार के भवन पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ श्रद्धा और धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। यज्ञ का आयोजन बसंत पांडे के आचार्यत्व में तथा विदिशा से आए वरिष्ठ परिजन एवं गंजबासौदा प्रभारी श्रीराम कटियार के मार्गदर्शन में किया गया। गायत्री परिजनों ने विश्व शांति, देश की खुशहाली और सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना के साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। इस अवसर पर श्रीराम कटियार ने गुरुजी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व तथा वेदमाता गायत्री के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने गायत्री साधना और यज्ञ की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। संदीप तिवारी ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर किया। मुख्य ट्रस्टी श्रीमती पूनम तिवारी ने गायत्री मंत्र लेखन की पुस्तकों का निशुल्क वितरण किया।

## सड़क बनी वॉशिंग सेंटर, गंदे पानी से राहगीर परेशान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** नगर में मुख्य सड़कों के किनारे संचालित हो रहे वॉशिंग सेंटर राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। उदयपुरा रोड स्थित पुराने एनएच-12 मार्ग पर रामलीला परिसर से चेनपुर रोड और विनोद साहू के मकान के पास तक करीब चार-पांच स्थानों पर सड़क किनारे वाहनों की धुलाई की जा रही है। यहां बाइक, कार, ट्रैक्टर सहित बड़े वाहनों को सड़क पर खड़ा कर धोया जाता है।

वाहनों की धुलाई से निकलने वाला गंदा पानी सीधे सड़क पर बह रहा है। इससे कई स्थानों पर पानी और कीचड़ जमा हो जाता है तथा सड़क पर फिसलन की स्थिति बन रही है। पैदल राहगीरों को गंदे पानी के छींटों से परेशानी होती है। वहीं सड़क पर वाहनों के खड़े रहने से यातायात भी प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वॉशिंग सेंटरों पर पानी की निकासी के लिए पर्याप्त व्यवस्था



नहीं है। सड़क किनारे धड़ल्ले से वाहनों की धुलाई के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे लोगों में नगर पालिका और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी है।

नागरिकों ने नगर पालिका सीएमओ से सड़क किनारे संचालित सभी वॉशिंग सेंटरों का निरीक्षण कराने और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। साथ ही अव्यवस्था पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है।

वहीं पुलिस एवं यातायात विभाग से भी सड़क पर वाहन खड़े कर यातायात बाधित करने वालों पर कार्रवाई की मांग की गई है। नागरिकों का कहना है कि सड़क का उपयोग आवागमन के लिए होना चाहिए, न कि वाहनों की धुलाई और गंदा पानी बहाने के लिए। उन्होंने जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

## रघुवंशी समाज ने बदली सम्मान की परिभाषा प्रतिभा के साथ सेवा भाव को भी मिला मंच

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** रघुवंशी समाज द्वारा रविवार को बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, खेल, कला और प्रशासनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं के साथ समाजसेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम एवं संत कनक बिहारी दासजी महाराज के चित्र के समक्ष पूजन-अर्चन और दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद 'श्रीराम जय राम जय जय राम' विजय मंत्र का सामूहिक जाप किया गया। इस अवसर पर रघुवंशी समाज की परिणय परिचय पत्रिका का विमोचन भी वरिष्ठजनों ने किया।

जिला रघुवंशी समाज विदिशा द्वारा पहली बार आयोजित इस जिला स्तरीय समारोह में जिले की विभिन्न तहसीलों से 150 से अधिक प्रतिभाओं, सेवाभावी व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं और 12वीं में 75 से 97 प्रतिशत



तक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के अलावा नीट, आईआईटी, क्लैट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित युवाओं को भी मंच पर सम्मान मिला।

समारोह की विशेषता यह रही कि सम्मान का दायरा केवल विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल युवाओं तक सीमित नहीं रहा। पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, गौसेवा, चिकित्सा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं एवं सेवाभावी व्यक्तियों को भी प्रशस्ति पत्र और शाल देकर सम्मानित किया गया। अन्नपूर्णा सेवा समिति, नागरिक सेवा समिति, गुरु कृपा अन्य क्षेत्र सेवा समिति, खेड़ापति हनुमान मंदिर गौशाला सेवा समिति, श्रमदान दल, हिंदू चेतना मंच, नौलखी सीताराम संकीर्तन मंडल, रघुकुल युवा परिषद सहित विभिन्न संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सोमनाथ रघुवंशी ने आर्थिक रूप से कमजोर समाज की एक प्रतिभा को प्रशासनिक सेवा की तैयारी कराने का पूरा खर्च स्वयं उठाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए।

कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी, पूर्व संसदीय सचिव अजय सिंह रघुवंशी, जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी सहित जिलेभर से समाज के वरिष्ठजन एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र रघुवंशी ने किया। आभार जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने माना।

## राष्ट्र सेविका समिति ने मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**गंजबासौदा।** राष्ट्र सेविका समिति के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुश्री रीतिका अरोरा उपस्थित रहीं। इस दौरान महिलाओं के सर्वांगीण विकास, संस्कार और चरित्र निर्माण को लेकर मार्गदर्शन दिया गया। मुख्य अतिथि रीतिका अरोरा ने कहा कि महिलाओं को संस्कारवान बनने के साथ समाज और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव और पार्षद अंशुलिका भावसार भी उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता अंशिका रघुवंशी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा उत्सव राष्ट्र सेविका समिति के पांच प्रमुख उत्सवों में शामिल है। उन्होंने गुरु परंपरा के महत्व और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। सभी सेविकाओं ने विधिवत गुरु पूर्णिमा पूजन कर राष्ट्र सेवा के लिए तन, मन और धन से समर्पित रहने का संकल्प लिया।

अंशिका रघुवंशी ने बताया कि राष्ट्र सेविका समिति करीब 90 वर्षों से राष्ट्र निर्माण और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में कार्य कर रही है।

## उद्यम संवाद कार्यक्रम में सफल उद्यमियों ने साझा किए अनुभव



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत ग्यारसपुर के आजीविका भवन में उद्यम संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी भोपाल संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के प्रशासनिक एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

उद्यम संवाद का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों, युवाओं, महिलाओं तथा स्वसहायता समूहों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर अपना व्यवसाय स्थापित करने वाले उद्यमियों से संवाद किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, संत रविदास योजना सहित स्वसहायता समूहों के माध्यम से संचालित विभिन्न उद्यम गतिविधियों की जानकारी दी गई। उपस्थित उद्यमियों एवं इच्छुक हितग्राहियों को योजनाओं की पात्रता, ऋण एवं सहायता संबंधी प्रावधानों तथा स्वरोजगार स्थापित करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर सफल उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर उन्होंने अपने व्यवसाय प्रारंभ किए और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

# कुबेरेश्वरधाम कांवड़ यात्राः सीवन नदी से आधा किमी तक लगे 600 नल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** सावन मास के अंतिम चरण में कुबेरेश्वरधाम में भक्ति और आस्था का महासागर उमड़ पड़ा है। एक दिन बाद 25 अगस्त को कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक भव्य एवं ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर विठलेश सेवा समिति और जिला प्रशासन द्वारा यातायात, पार्किंग, चिकित्सा और सुरक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक लगभग 11 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए गए हैं। घाट से आधा किलोमीटर के दायरे में करीब 600 नल लगाए गए हैं, ताकि कांवडियों को जल भरने में किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। बारिश और धूप के बीच भी देश भर से सीहोर पहुंच रहे कांवड़ यात्रियों का उत्साह देखते ही बन रहा है।



**संभाला मोर्चा:** कांवड़ यात्रा के दौरान शांति, कानून-व्यवस्था और सुगम यातायात बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने कड़े निर्देश दिए हैं। ड्यूटी में तैनात समस्त पुलिस बल, होमगार्ड, एसडीआरएफ, वन विभाग, आबकारी विभाग, कोटवारों और सिविल डिफेंस

**सेक्टरों में बटा बल, हाईवे पर** वॉलिंटियर्स को ब्रीफ कर अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित किया गया है। यह विशेष सुरक्षा व्यवस्था 25 अगस्त तक निरंतर प्रभावी रहेगी। इधर रविवार सुबह से ही पुलिस बल ने इंदौर-भोपाल हाईवे पर मोर्चा संभाल लिया है। ब्रीफिंग के बाद पुलिस अधीक्षक ने सीवन नदी घाट, पार्किंग व्यवस्था, भोजनशाला और कुबेरेश्वरधाम परिसर का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

**एसपी सक्सेना ने दिए मुख्य निर्देश:** इधर रविवार को अमले की विभिन्न पाइंटों पर तैनात से पहले पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने पुलिस जवानों को मुख्य दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों और असामाजिक-आपराधिक तत्वों पर सतत नजर रखी जाए। महिला श्रद्धालुओं व बच्चियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। हाईवे और डायवर्जन रूटों पर नियमित मोबाइल पेट्रोलिंग हो ताकि जाम की स्थिति न बने। ड्यूटी पर तैनात बल श्रद्धालुओं के साथ अत्यंत विनम्र और शालीन व्यवहार करे।

### श्रद्धालुओं के लिए 100 से अधिक सेवा स्टॉल

कांवड़ यात्रा मार्ग में 100 से अधिक स्थानों पर सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा सेवा स्टॉल लगाए जाएंगे। यहां श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, चाय-नाश्ता, फलाहारी खिचड़ी, केले और भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। सावन के अंतिम सोमवार कुबेरेश्वर धाम पर 24 अगस्त को भगवान शिव का 3 क्विंटल से अधिक फूलों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही धाम स्थित मुरली मनोहर मंदिर में विराजित सभी देव प्रतिमाओं का भी विशेष श्रृंगार होगा। श्रद्धालुओं की भोजन व्यवस्था के लिए देशभर से 2000 से अधिक सेवादार और अखंड हिन्द फौज के स्वयंसेवक कुबेरेश्वरधाम पहुंच चुके हैं। यात्रा के दौरान प्रसिद्ध भजन गायकों की प्रस्तुतियां, धार्मिक झांकियां और बैंड-बाजे मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे।